
## एक नजर में

### श्याम नगर में धूमधाम से रावण दहन

**बिस्टान, नि प्र ।** विजयादशमी पर्व गुरुवार श्याम नगर में धूमधाम से रावण दहन किया गया ।बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रूप में बिस्टान व आसपास के गांव में रावण के पुतले जलाए गए ।नगर के अनकवाड़ी व बिस्टान के बीच स्थित बाजार चौक ग्राउंड में रावण दहन नगर परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया । यहां करीब 1 घंटे तक आसमानी आकर्षक आतिशबाजी की गई। इसके बाद 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन जय श्री राम के गगन भेदी के जय घोष के नारों के साथ किया गया । नगर परिषद अध्यक्ष डेमिगसिंग नार्वे ,सीएमओ संतोष कुमार पाराशर ,और ग्राम पटेल बद्री पटेल ने रावण का पूजन किया, नगर परिषद के पार्षद गण, कर्मचारी गण मौजूद रहे।आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे थे ।इसके बाद शमी पत्तियां एक दूसरे को देकर पर्व की शुभकामनाएं दी ।छोटों ने बडों का आशीर्वाद लिया । ।



### भवानी माता चौक पर हुआ भंडारे का आयोजन



**कसरावद , निप्र।** क्षेत्र के लेपा पुनर्वास में विजया दशमी के पावन पर्व पर कन्याभोज के साथ भंडारे का केवट धर्मशाला मे हुआ आयोजन, जिसमे पूर्ण आहुति के बाद कन्या भोज एवं भंडारा करके प्रसादी वितरीत कर माता रानी को विदाई दी गईं! नवयुवक मित्र मंडल एवं सभी युवा साथियो द्वारा नव दिन माता रानी की सेवा कर माता रानी से प्राथना कर सम्पूर्ण क्षेत्र वासियो के सु:ख समृद्धि की कामना की गईं! इस अवसर पर केवट धर्मशाला अध्यक्ष श्री अतुल केवट, विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष श्री मोहन केवट, उपाध्यक्ष श्री महेंद्र केवट, ग्राम समिति के अध्यक्ष श्री लखन केवट सचिव श्री महेश केवट एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य, दीपक द्वस्रद्गड्ढ, राकेश केवट, सत्येंद्र कानूनगो, श्री आसाराम जी केवट, रामेश्वर बामने, पंडित आचार्य राम केशरे जी, रवि बामने, अंतिम भाई टेमरनिया, गणेश टेमरनिया,दिनेश केवट, कृष्णा जी, संतोष केवट, विष्णु केवट उपस्थित रहें!

### श्री सिद्धनाथ मंदिर प्रांगण में निकली महाकाली की सवारी, खप्पर देखने उमड़े भक्त

**खरगोन।** नगर के क्षत्रिय भावसार समाज द्वारा श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर प्रांगण (होली टेकड़ा) पर शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में माता के खप्पर की परंपरा का 407वें वर्ष श्रद्धा-भक्ति के साथ निर्वहन किया गया।महानवमी की मध्यरात्रि माता महाकाली की सवारी निकली। देवी महाकाली कलयुग का दरम्यान, चलो वो महिमा थारी, निमाड़ी गरबी के माध्यम से मां कालिका की स्तुति की गई। खप्पर समापन के साथ ही क्षत्रिय भावसार समाज के विजयादशमी पर्व की शुरुआत हुई। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात ब्रह्म मुहुर्त में 4.30 माता महाकाली शेर पर सवार होकर निकली और भक्तों को दर्शन दिए। माता महाकाली गरबियों पर 40 मिनट तक रमती रही। खप्पर में उपस्थित श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते रहे। सिद्धनाथ महादेव मंदिर प्रांगण जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद भगवान नरसिंह अवतार व राक्षस राज हिरणकश्यप की सवारी निकली। भगवान नरसिंह द्वारा हिरणकश्यप के वध के प्रसंग बाद दो दिवसीय खप्पर कार्यक्रम का समापन हुआ।महानवमी पर गरबियों पर सर्वप्रथम गणेश जी निकले। भावसार समाज के वंशजों में माता महाकाली का स्वांग संतोष भावसार (अंगु), नरसिंह भगवान का मोहित बसंत भावसार, हिरण्कश्यप का गौरव सुनील भावसार ने धारण किया।वहीं माता के शेर




### सेवानिवृत्ति पर शिक्षक जोशी को दी भावभीनी विदाई



**खरगोन।** समीपस्थ ग्राम मांगरूल खुर्द के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ सहायक शिक्षक शैलेन्द्र जोशी को सेवानिवृत पर समारोहपूर्वक विदाई दी गई। श्री जोशी को विदाई समारोह में एक दिवाल घड़ी के साथ स्मार्ट टीवी राशि उपहार स्वरुप भेंट की गई। प्रधान पाठक प्रकाश सालवे ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शैलेन्द्र जोशी ने शिक्षा में सहायक सामग्री निर्माण, शैक्षिक गतिविधियां, बालिका शिक्षा, नई शिक्षा नीति के साथ ही राज्य, जिला व ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षणों में सफल मास्टर ट्रेनर की भूमिका भी निभाई ।बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी श्री जोशी ने बाल एवं प्रौढ़ साहित्य, साक्षरता अभियान, कई विभागीय पत्रिकाओं में मुख पृष्ठ के चित्रांकन के साथ कविता, लेखन, पोस्टर, झांकी निर्माण के कार्य भी संपादित किए । इस अवसर पर स्थानांतरित माध्यमिक शिक्षक सिरू सस्ते को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में निर्मल गुप्ता, अशोक जोशी व अन्य पूर्व शिक्षक सहित स्टॉफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

नगर पालिका के 51 फीट उंचे रावण पुतले के साथ ही

# शहर में 8 स्थानों पर हुआ रावण दहन






नवभारत न्यूज़

**खरगोन निप्र।** न्याय की अन्याय पर, सदाचार की दुराचार परए धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व गुरुवार को उत्सवी माहौल में मनाया गया। नवग्रह मेला मैदान पर बने 51 फीट ऊंचे महाकाय रावण के पुतले पर भगवान श्रीराम ने जैसे ही अग्निबाण चलाया, पुतला पलभर में ही धुं.धुंकर जल उठा। रावण के जलते ही मैदान जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। इसके पूर्व भजन गायकों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति और रंगारंग आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। प्रशासनिक स्तर पर रावण दहन का मुख्य आयोजन नवग्रह मेला मैदान पर हुआ। यहां अट्टाहास किए अपने अहंकार को दर्शा रहे रावण पुतले को जैसे ही श्रीराम का अग्निबाण नाभि में लगाए अहंकार चुरण् चुर हो गया। पलभर में 51 फीट ऊंचा पुतला धूं-धूंकर जल उठा। दहन से रंगारंग आतिशबाजी कर लोगो का मनोरंजन किया। रावण दहन से पहले पहाड़सिंगपुरा स्थित कलश चौक से श्रीराम, लक्ष्मण और हुनमानजी की शोभायात्रा निकाली गई। नवग्रह मेला मैदान पहुंचने पर यहां विधायक बालकृष्ण पाटीदार एवं नगरपालिका आयोजन समिति ने श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमानजी की आरती उतारी। इसके बाद भगवान श्रीराम ने जैसे ही रावण के पुतले की नाभी पर तीर चलाया, पुतला धूं-धूंकर जलने लगा।

**यहां भी हुआ रावण दहन:** विजयादशमी शहर सहित अंचल में उमंग-उत्साह का माहौल रहा। शहर के नवग्रह मेला मैदान, न्यूसरस्वती नगर कॉलोनी, ज्योति नगर, कुंदा नगर, फत्तू माली धर्मशाला, दाता हनुमान मंदिर, गणेश मार्केटिंग सहित करीब 8 से अधिक स्थानों पर रावण के बड़े पुतले का अलग. अलग समय पर दहन आकाशीय आतिशबाजी के साथ हुआ। दहन स्थल से लौटने के बाद लोगों ने अपने घर पर पहुंचकर माता-पिता, बड़े, बुढों का आशीर्वाद लेने के बाद अपने परिचितो, मित्रो, रिश्तेदारों के यहां भी पहुंचकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। जहां देररात तक दशहरा मिलन आयोजन चलते रहे। आयोजन में कोई खलल न हो

### रावण का हुआ दहन



**गोगावा।** जगदम्बा माता मंदिर मैदान पर 41फिट ऊंचे रावण का दहन किया गया सेकडो लोगो ने भाग लेकर पहले मंदिर में आरती की गई उसके बाद ग्राम पटेल ने रावण की पूजा कर अग्नि दी शाम सात बजे तक भारी भीड़ ने रावण दहन का लुफ्त उठाया वही एक दूसरे को विजया दशमी की बधाई दी इस दौरान एसडी ओपी भीकनगांव राकेश आर्य तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

### 61 फीट ऊंचे रावण का दहन



**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह में विजयादशमी पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुवार रात करीब 7 : 30 बजे शासकीय कॉलेज ग्राउंड पर 61 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 6 :30 बजे शुरू हुआ। कॉलेज ग्राउंड को विद्युत रोशनी से सजाया गया था। शाम 7 बजे से बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित ग्राउंड पर पहुंचने लगे ।कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी की गई और राम-लक्ष्मण, हनुमान की झांकी निकाली गई, जो कॉलेज ग्राउंड पहुंची। राम के वेश में एक पात्र द्वारा प्रतीकात्मक तीर चलाने पर रावण का दहन किया गया। इस दौरान पूरा ग्राउंड पटाखों की आवाज से गूंज उठा ।इस अवसर पर सुंदरधाम आश्रम के संत श्री 108 नारायणदास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने आशीर्वचन दिए। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, सीएमओ कुलदीप किन्शुक सहित परिषद सदस्य भी मौजूद थे ।एडिशनल एसपी शंकुतला रुहल, एसडीओपी अर्चना रावत, टीआई बलराम सिंह राठौर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। दशहरा मैदान में खाने-पीने, खिलौने और अन्य दुकानें भी लगी थीं ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. परेश विजयवर्गीय ने किया, जबकि आभार समिति अध्यक्ष एवं पार्षद रजनी भंडारी ने व्यक्त किया।

### सनावद में धूमधाम से मनाया गया दशहरा



**सनावद।** सनावद शहर में दशहरा उत्सव प्रकाश और आतिशबाजी की चकाचौंध के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा मेला ग्राउंड, मंडी प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। दहन से पूर्व आकाशीय रोशनी और पटाखों की गूंज के साथ शानदार आतिशबाजी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम, लक्ष्मण और हनुमान की वेशभूषा में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से जनता का दिल जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला, अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला, प्रतिपक्ष नेता राजेश अंजने सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे। रावण दहन ठीक शाम 7-30 बजे संपन्न हुआ। धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए लोगों ने सोना रूपी पत्ता (शमी के पत्ते) आदान-प्रदान कर आशीर्वाद लिया, गले मिले, चरण स्पर्श किए और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नागरिकों ने एक-दूसरे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस वर्ष का रावण दहन अविस्मरणीय और भव्य रहा, जिसमें नगर पालिका कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण स्पष्ट रूप से झलक रहा था।

## आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर अधिकारी कर्मचारी लगातार कर रहे मॉनिटरिंग

**महेश्वर नि प्र।** भारत सरकार द्वारा आदी कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भोपाल से जनजातीय कार्य विभाग से आए अधिकारी राजेश गुबरेले द्वारा ग्राम पंचायत बगदरा, आवलिया, भाकलय, सिरस्या, बबलाई ,गुजर मोहाना का निरीक्षण किया उनके साथ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीके वर्मा भी मौजूद रहे।

महेश्वर विकास खण्ड में 31 आदी सेवा केंद्र में गुरुवार 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमे विजन प्लान अपना गांव - समृद्धि का सपना विजन प्लान ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित हुआ। उक्त अभियान को लेकर राजस्व अधिकारी मंडलेश्वर



पूर्वा मंडलोई द्वारा ग्राम पंचायत बबलई में उक्त आयोजन की मॉनिटरिंग करते हुए उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ रीना चौहान, तहसीलदार कैलाश सस्तिया,सरपंच सकरी बाई रावत सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।

## युवा छात्र संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका जाटव को वर्ल्ड एक्सीलेंस रिकॉर्ड

### एक्सीलेंस इंग्लैंड से सम्मानित

**खरगोन।** एससी/ एसटी युवा छात्र संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका जाटव को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस - इंग्लैण्ड तथा स्टेट चैंपियन चेंज अवार्ड.2025 से समानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स के रजत जयंती समारोह में यह सम्मान उन्हें समाजसेवा, उत्कृष्ट योगदान, महिला, युवा सशक्तिकरण, वृक्षारोपण, शिक्षा जागरूकता.नशामुक्ति मुहिम तथा शासकीय योजनाओं के धरातल पर प्रचार-प्रसार जागरूकता जैसे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इस गौरवमयी समारोह में अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता शिवखेड़ा, मॉरीशस राष्ट्रपति के राजदूत सत्यन पॉल, शिक्षाविद दार्शनिक लेखक संत ज्ञानानंद, वर्ल्ड रिकॉर्ड एक्सीलेंस इंग्लैण्ड से संजय पंजवानी, निफा चेयरमैन प्रतीपाल सिंह पन्नू, डॉ. अश्विनी शेट्टी मौजूद रहे। इसके अलावा हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, संदीप सिंह दुबई, मध्यप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल सहित जापान और मारीशस से भी अतिथि उपस्थित रहे।




एक नजर में | पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भव्य पथ संचलन में उमड़ा उत्साह

नवभारत न्यूज़

**अंदड़।** विजयादशमी उत्सव के निमित्त गोगावा खंड के अंदड़ मंडल के अंदड़ में आदर्श पब्लिक स्कूल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक का पथ-संचलन पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामवासियो ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया। संघ की एकरूप वेशभूषा में कदमताल मिलाकर चलते स्वयंसेवकों का दृश्य अद्भुत और प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 02/10/2025 को किया गया, जिसमें गांव के विभिन्न क्षेत्रों से स्वयंसेवक सहभागिता के लिए पहुंचे। ग्राम की प्रमुख सड़कों से होते हुए पथ संचलन का मार्ग निर्धारित किया गया, जहां नागरिक समाज, व्यापारीगण, महिलाएं और बच्चे पुष्पवर्षा एवं उत्साहजनक नारों के साथ स्वागत हेतु एकत्र हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री गेंदालाल जी यादव और वक्ता श्री कैलाश जी अमलियार प्रचारक जनजाति कार्य प्रमुख मालवा प्रांत ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज, जीवन में देशभक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर हमें संकल्प लेना होगा कि भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने में प्रत्येक स्वयंसेवक और नागरिक अपना योगदान देगा। मुख्य



वक्ता ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ के कार्यों और संघर्षों के बारे में बताया साथ ही पंच परिवर्तन का समाज एवं विश्व पर पढ़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीण जनों एवं स्वयंसेवक बंधुओ से पंच परिवर्तनों (पर्यावरण,नागरिक शिष्टाचार, कुटुंब प्रबोधन , स्वदेशी , सामाजिक समरसता) का अनुसरण करने का आह्वान किया पथ संचालन के दौरान संघ के घोष वादन ने वातावरण को ओजपूर्ण और ऊर्जावान बना दिया। घोष की विभिन्न रचनाओं पर स्वयंसेवकों की सामूहिक कदमताल देखने योग्य थी। संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन और ध्वज प्रणाम किया गया। संघ प्रार्थना के पश्चात निकले पथ-संचलन में 3 वाहिनियों में 138 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। ग्राम के नागरिकों ने बताया कि ऐसा अनुशासन, एकता और आत्मबल का दृश्य अत्यंत प्रेरक है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों, संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। यह पथ संचालन न केवल अनुशासन और संगठन की झलक प्रस्तुत करता है।